प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 28.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..............

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। 28 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था। इस योजना का उद्देश्य व्यापक वित्तीय समावेशन लाना और देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना है। यह योजना बुनियादी बचत बैंक खाते की उपलब्धता, आवश्यकता–आधारित ऋण, धन प्रेषण सुविधा, बीमा और पेंशन जैसी कई वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करती है। इस योजना के तहत 56 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खाले जा चुके है। जरूरतमंद महिलाओं के जनधन खातों में केन्द्र सरकार ने अब तक 31 हजार करोड रूपये की राशि की मदद की है। इस योजना के तहत किसी भी बैंक शाखा या बैंक मित्र आउटलेट में जीरो बैलेंस पर खाता खोला जा सकता है।

.....................

केन्द्र सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर कर छूट इस वर्ष 31 दिसम्बर तक बढ़ाने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि यह फैसला भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे पहले, सरकार ने कपास के आयात पर 19 अगस्त से 30 सितम्बर तक अस्थायी कर छूट दी थी।

.........................

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण– यूआईडीएआई ने देशभर के स्कूलों से, 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी, भुवनेश कुमार ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इससे संबन्धित शिविर आयोजित करने में सहयोग करने का अनुरोध किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूआईडीएआई और शिक्षा मंत्रालय ने लगभग 17 करोड़ बच्चों के लिए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस प्लेटफॉर्म पर आधार में लंबित अपडेट को आसान बनाने के लिए भी सहयोग किया है। ये प्लेटफॉर्म स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत एक शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली है और स्कूली शिक्षा से संबंधित आँकड़े एकत्र करता है।

....................

प्रदेशभर में आज ऋषि पंचमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जलाशयों के किनारे सप्त ऋषियों की पूजा अर्चना कर श्रावणी कर्म किया जा रहा है। पाली के सिरेघाट पर महिलाएं सुबह से ही व्रत रख सप्तर्षियों को तर्पण अर्पित कर रही है। साथ ही विभिन्न समाज की ओर से हवन का भी आयोजन किया जा रहा है। उधर धौलपुर के तीर्थराज मचकुंड धाम पर आज से कौमी एकता के प्रतीक दो दिवसीय देव छठ मेला भर रहा है।

................

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आज जयपुर की मोती डूंगरी से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा मोती डूंगरी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार से गणगौरी बाजार होते हुए ब्रह्मपुरी से नाहरगढ़ स्थित गढ़ गणेश मंदिर तक पहुंचेगी। इस बार शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण 25 स्वचालित और 60 सजीव प्रतिमा स्वरूप झांकियां होंगी। इनमें गणेशजी को अलग–अलग मुद्राओं और रूपों में दर्शाया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान यातायात में बदलाव किया गया है। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये है।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर

1800—11—7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

....................